दिन– मंगलवार दिनांक– 08 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा ने सत्ता में वापसी की। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वर्ष दो हजार बाईस के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

03. नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने आज गया में बिहार जेन नेक्स्ट लैब का लोकार्पण किया। लैब में बिहार सरकार के विकास संबंधी आंकड़े और जानकारी रहेंगे उपलब्ध।

04. और, शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना। बांग्ला पद्धति के पूजा स्थलों पर आज खुलेंगे मां भगवती के पट।

———————————————————————————

हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। पार्टी को अड़तालीस सीटों पर जीत मिली है। नब्बे सीटों वाले विधानसभा में बहुमत के लिए छियालीस सीटें होनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस ने सैंतीस सीटों पर जीत हासिल की है। अन्य दलों के खाते में पांच सीटें आई हैं। इधर, जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। गठबंधन ने उनचास सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा को सत्ताईस सीटों पर जीत मिली है। पीडीपी को तीन और अन्य दलों के खाते में नौ सीटें आयी हैं।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम से साबित हो गया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में अपना विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीत सबका साथ सबका विकास की नीति का परिणाम है।

———बाईट———

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वर्ष दो हजार बाईस के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

से सम्मानित किया गया। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि वे इस पुरस्कार को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

---बाईट--

राष्ट्रपति ने ऋषभ शेट्टी को फिल्म कंतारा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, नित्या मेनन और मानसी पारेक को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार आट्टम को दिया गया जबकि गुलमोहर को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का खिताब मिला। फिल्म समीक्षक दीपक दुआ को सर्वश्रेष्ठ समीक्षक पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत स्वर्ण कमल से सम्मानित किया गया है।

---

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राजमिस्त्रियों को भूकम्परोधी भवन निर्माण का प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकांत ने बताया कि समझौते के तहत अगले तीन वर्षों में राज्य के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों के तीस–तीस राजमिस्त्रियों को दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि में प्रत्येक राजमिस्त्री को सात सौ रूपये प्रति दिन की दर से क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ ही उन्हें एक उन्नत टूल किट और प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक बीस हजार इंजीनियरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

---बाईट---

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बाढ़ की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री चौधरी आज सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैदपुर और बेलसंड प्रखंडों में क्षतिग्रस्त तटबंधों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेपाल में हाई डैम के निर्माण से बिहार की बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान होगा। श्री चौधरी ने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

---

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने आज गया में बिहार जेन नेक्स्ट लैब का लोकार्पण किया। श्री सुब्रह्मण्यम ने इस अवसर पर दो नये लैब नीति शाला और विकसित भारत चिंतन कक्ष का भी लोकार्पण किया। इन तीनों लैब में बिहार सरकार ने राज्य के विकास संबंधी आंकड़ों और जानकारियों को एकत्रित

किया है। गया स्थित बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान, बिपार्ड ने इन्हें तैयार किया है। लोकार्पण के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने तीनों लैब का अवलोकन किया और राज्य सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन तीनों पहल से सुशासन स्थापित करने और बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। तीनों लैब कृत्रिम बुद्धिमता यानी एआई तकनीक से भी लैस हैं। श्री सुब्रमण्यम ने गया में डेटा ड्रीवन गवर्नेंस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। सम्मेलन में उन्नीस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल थे।

———————————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का कार्य वर्ष दो हजार छबबीस से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री नवीन ने आज पटना में संवाददातों से बातचीत में कहा कि मेट्रो रेल परियोजना को लेकर तेजी से काम चल रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्युजिक———

मान्यता है कि माँ के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। बांगला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर मां भगवती का पट आज खुल जायेगा। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में माहौल भक्तिमय हो गया है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, कैमूर के मुंडेश्वरी मंदिर, गोपालगंज के थावे मंदिर, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ, सहरसा के महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर और मुंगेर के मां चंडिका शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की पूजा–अर्चना कर रहे हैं।

———म्युजिक———

———————————————————————————

राज्य से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज, सीवान, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले से मॉनसून वापस लौट गया है। विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में पूरे राज्य से मॉनसून की वापसी हो जायेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका के रजौन में सबसे अधिक सत्तासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं, बिहारशरीफ में इकहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि

अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई और बांका जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है। इधर, आज मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत मुरादे गांव में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक किशोर और एक गाय की मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के चालीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से छब्बीस नये मामले मिले हैं। इस वर्ष डेंगू के चार हजार से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

————————————————————————

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत देदौर गांव में अनुसूचित जाति की एक बस्ती में आग लगाये जाने के आरोप में पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि इस मामले मे अब तक तीस आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

————————————————————————

सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने जे. पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज समाजवादी नेता राम विलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री पासवान एक उत्कृष्ट नेता थे। वे एक मजबूत तथा विकसित भारत के निर्माण के प्रति समर्पित थे। उन्हें देश के बड़े नेताओं में से एक बताते हुए श्री मोदी कहा कि वे कई मुद्दों पर श्री पासवान की अंतर्दृष्टि को बहुत याद करते हैं। इधर, खगड़िया के शहरबन्नी में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने दानापुर और बेंगलुरू के बीच चलायी जा रही पांच स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती

चन्द्र ने बताया कि इन ट्रेनों का परिचालन अलग–अलग तिथियों को दिसम्बर महीने तक किया जायेगा।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जमुई स्थित सिमुलतला आवासीय विद्यालय में छठी कक्षा में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के नकरडेरी आदापुर रक्सौल रोड के पास सीमा शुल्क विभाग की टीम ने एक यात्री बस से नौ लाख रूपये मूल्य की नकली सिगरेट जब्त की है।

———————————————————————————

सुपौल जिले के नरपत पट्टी से एसएसबी के जवानों ने गांजा और नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के सिकटी सीमावर्ती क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा ने सत्ता में वापसी की। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत।
02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वर्ष दो हजार बाईस के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया गया सम्मानित।
03. नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने आज गया में बिहार जेन नेक्स्ट लैब का लोकार्पण किया। लैब में बिहार सरकार के विकास संबंधी आंकड़े और जानकारी रहेंगे उपलब्ध।
04. और, शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना। बांग्ला पद्धति के पूजा स्थलों पर आज खुलेंगे मां भगवती के पट।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।